वी.यू. कुलपति ने जबलपुर महाविद्यालय के बाद किया महू पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय का निरीक्षण

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनदीप शर्मा ने सोमवार सुबह पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय महू के सभी विभागों का निरीक्षण कर गतिविधियों का जायजा लिया। कुलपति महोदय ने अपनी विजिट के दौरान विभागों के साथ–साथ महाविद्यालय के पशुधन प्रक्षेत्र, छात्र–छात्राओं के हॉस्टल एवं डिप्लोमा का भी निरीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश दिए। कुलपति महोदय ने बॉयज हॉस्टल को देखकर कहा की एक नए हॉस्टल की आवश्यकता है जिसके लिए समन्वयित प्रयास करने की जरूरत है। अपनी विजिट के दौरान कुलपति डॉ. शर्मा ने महाविद्यालय छात्र एवं छात्राओं से भी बातचीत की दोपहर प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र के बाद कुलपति ने सभी विभाग प्रमुख एवं इंचार्ज के साथ मीटिंग ली तथा निर्देश दिए कि महाविद्यालय के सभी शिक्षकों के पास कम से कम एक एक्सटर्नल फंडेड प्रोजेक्ट जरूर होना चाहिए, सभी विभाग प्रमुख अपने–अपने विभागों में समय की पाबंदी का ध्यान रखें तथा अपने–अपने विभाग में अनुशासन कायम रखें। सभी विभाग प्रमुख नियमित तौर पर स्टाफ की मीटिंग कर कार्य योजना बनाए। अगर विभाग अच्छे से कार्य करेंगे तो निश्चित तौर पर महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के विकास में योगदान देंगे।

साथ ही महू महाविद्यालय सर्जरी विभाग में पशु चिकित्सकों की एस्काड प्रशिक्षण रिसेन्ट डेवलपमेंट इन सर्जिकल अप्रोच फॉर दी ट्रीटमेंट ऑफ़ यूरिनरी अफेक्शंस इन एनिमल्स विषय पर

पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति डॉ. मनदीप शर्मा जी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। अधिष्ठाता डॉ. बी.पी. शुक्ला ने कुलपति महोदय का सम्मान पुष्पगुच्छ देकर किया। अपने उद्‌बोधन में डॉ मनदीप शर्मा जी ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एक प्रोफेशनल के रूप में हमें हमेशा खुद को अपडेट रखना चाहिए तथा सीखते रहना चाहिए। उन्होंने ये आशा जताई कि निसंदेह ये प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रतिभागियों के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध होगा। इस अवसर पर प्रशिक्षण के लिए बनाए हुए कॉम्पेंडियम का अनावरण कुलपति महोदय एवं अधिष्ठाता द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर